[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, सोमवार, 02 मार्च 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 172, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र
PADMAVAT MEDIA न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे
Reg. No. MH180326353
# पदमावत मीडिया
डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**अनमोल वचन**

चाहे यह आपके लिए सबसे अच्छा समय हो अथवा सबसे खराब समय हो, केवल समय ही हमारे पास होता है।

- तुलसीदास

राधा सरल बिहारी मंदिर में ... 02

03 खंभात सिटी पुलिस स्टेशन के ...

## खबर संक्षेप


### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी होली और धुलंडी की शुभकामनाएं



**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने होली और धुलंडी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि होली के रंग आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के प्रतीक हैं। हर्ष और उल्लास का यह पर्व समाज में समरसता और एकता को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। यह त्योहार हमें सभी भेदभाव भुलाकर परस्पर प्रेम और सद्भाव के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे होली का पर्व सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें, जल संरक्षण का ध्यान रखें और एक-दूसरे के प्रति स्नेह, सम्मान और अपनत्व की भावना को बढ़ावा दें। मुख्यमंत्री ने कामना की कि होली का यह पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

**रायसेन के डायल 112 हीरोज**

### त्वरित कार्रवाई से बचीं तीन ज़िंदगियाँ



**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** डायल-112 जवानों की त्वरित, संवेदनशील और जिम्मेदार कार्यवाही ने स्कूल बस एवं बाइक की टक्कर में घायल हुए तीन व्यक्तियों, जिनमें एक मासूम बच्ची भी शामिल थी, को समय पर उपचार दिलाकर उनकी जान बचाई। इस आपात स्थिति में डायल-112 टीम ने जिस सजगता, तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया, वह सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की सराहनीय मिसाल है। 28 फरवरी को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि स्कूल बस और मोटरसाइकिल के बीच दुर्घटना हो गई है, जिसमें बाइक सवार तीन व्यक्ति घायल हो गए हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एफआरव्ही को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। डायल-112 जवान मौके पर शीघ्र पहुँचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। दुर्घटना में बाइक चालक सहित एक मासूम बच्ची और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल थे। जवानों ने बिना समय गंवाए तीनों घायलों को एफआरव्ही वाहन की सहायता से सुरक्षित रूप से शासकीय अस्पताल सुल्तानगंज पहुँचाया, जहाँ उनका तत्काल उपचार प्रारंभ कराया गया। डायल-112 जवानों की इस त्वरित, संवेदनशील और समर्पित कार्यवाही के कारण घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकी, जिससे संभावित गंभीर परिस्थितियों को टाला जा सका। डायल 112 हीरोज श्रृंखला के अंतर्गत यह घटना यह संदेश देती है कि मध्यप्रदेश पुलिस हर संकट की घड़ी में आमजन की सुरक्षा, सेवा और जीवन रक्षा के लिए सदैव सजग, तत्पर और समर्पित है।

**थाना सायरा की बड़ी कार्यवाही**

### दादा की हत्या के मामले में 06 माह से फरार इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** थाना सायरा पुलिस ने दादा की हत्या के मामले में छह माह से फरार चल रहे तीन हजार रुपये




के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। 14 अगस्त 2025 को प्रार्थी सोहनसिंह पुत्र भंवरसिंह निवासी स्वरूपजी की भागल सादड़ा ने रिपोर्ट दी थी कि उसके पिता भंवरसिंह पुत्र कुशालसिंह खेत पर गए थे, जहां उनका शव सिर पर गंभीर चोटों के साथ मिला। प्रकरण संख्या 210/2025 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में गठित टीम ने आसूचना एवं तकनीकी सहयोग से अभियुक्त धुलसिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह निवासी स्वरूपजी की भागल सादड़ा को जयपुर से दस्तयाब किया।

## जैन दर्शन की ध्यान, तपस्या और आत्मचिंतन की परंपरा ने पूरे विश्व का किया मार्गदर्शन

# जीटो टाउन प्रतिनिधि राष्ट्रीय सम्मेलन एवं विश्व नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com









**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए आध्यात्मिक चेतना अत्यंत आवश्यक है। जैन समुदाय की ध्यान, तपस्या एवं आत्मचिंतन की परंपरा ने संपूर्ण विश्व को मार्गदर्शन प्रदान किया है। राज्य सरकार प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें जैन समाज सहित सभी समाजों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है।

मुख्यमंत्री जयपुर में आयोजित जीटो टाउन प्रतिनिधि राष्ट्रीय सम्मेलन एवं विश्व नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मूल्य आधारित नेतृत्व, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक चेतना भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। निर्णय लेते समय ईमानदारी, पारदर्शिता, जनसेवा और नैतिकता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा कर्तव्यबोध को सर्वोपरि रखा जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन समाज ने सदियों से भारतीय सभ्यता और संस्कृति को सशक्त किया है। अहिंसा, करुणा और सत्य के मूल्यों के आधार पर समाज ने राष्ट्रनिर्माण में अतुलनीय योगदान दिया है। भगवान महावीर स्वामी की अहिंसा की शिक्षा और जियो और जीने दो के संदेश ने मानवता को शांति और सद्भाव का मार्ग दिखाया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। वर्ष 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में ग्यारहवें स्थान पर थी, जो आज चौथे स्थान पर पहुंच चुकी है और शीघ्र ही तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है। जैन समाज का देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी अनुकरणीय कार्य किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवकार महामंत्र दिवस का आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानवता के लिए अहिंसा, करुणा, ज्ञान और आत्मशुद्धि का सार्वभौमिक संदेश है। नवकार महामंत्र की दिव्य ऊर्जा से विश्व में शांति, सद्भाव और कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो, यही मंगलकामना है। कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री ने विश्व नवकार महामंत्र दिवस के प्रचार-प्रसार हेतु रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जीटो अध्यक्ष पृथ्वीराज कोठारी, उपाध्यक्ष हिमांशु जे शाह, सचिव महावीर चपलोत, जयपुर अध्याय की अध्यक्षा सलोनी जैन सहित विभिन्न अध्यायों के पदाधिकारी, महिला उद्यमी एवं युवा उद्यमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# सांसद डॉ मन्नालाल रावत की मुख्यमंत्री से भेंट

## जनजाति क्षेत्र की समस्याओं के समाधान एवं राज्य जनजाति आयोग गठन की उठाई मांग

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने रविवार को जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर लोकसभा क्षेत्र उदयपुर एवं जनजाति बहुल क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने राज्य जनजाति आयोग के गठन की मांग प्रमुखता से रखी।

मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस मुलाकात में सांसद डॉ रावत ने राजस्थान बजट 2026-27 में उदयपुर संभाग तथा अनुसूचित क्षेत्र के लिए लिए गए युगानुकूल निर्णयों पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पेसा कानून, वनाधिकार कानून, धरती आबा जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, जनजाति आयोग के गठन की पहल, जयसमंद के लिए मास्टर पर्यटन योजना तथा अनुसूचित क्षेत्र में सेवा नियमों से जुड़े निर्णयों की सराहना की।

सांसद ने कहा कि जनजाति क्षेत्रों के समग्र विकास एवं युवाओं की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए और भी प्रभावी निर्णय लिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने क्षेत्र में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए संसदीय संकुल परियोजना की राज्य स्तरीय बैठक मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कराने का आग्रह किया, जिसे मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रूप से स्वीकार किया।

भेंट के दौरान मेवाड़-वागड़ क्षेत्र में पंचायती राज चुनाव तथा अन्य राजनीतिक विषयों पर भी चर्चा हुई। सांसद डॉ रावत ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिए संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

### मुस्कान क्लब यूथ रिविजिटेड की शनिवारीय बैठक में सम्मान समारोह आयोजित



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुस्कान क्लब यूथ रिविजिटेड की मासांत विशेष शनिवारीय बैठक में सम्मान समारोह एवं विविध सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीमती मधु गर्ग द्वारा प्रस्तुत ईश्वर भजन से हुई, जिसने वातावरण को आध्यात्मिक भाव से सराबोर कर दिया। उपाध्यक्ष सूरजमल पोरवाल ने सदस्यों को प्रस्तावित विदेश यात्रा एवं होली मिलन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नए सदस्यों से अपील की कि वे अपने अधूरे प्रपत्र पूर्ण कर जमा करें तथा सदस्यता कार्ड प्राप्त करने अवश्य आएं। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि अंतिम शनिवार होने के अवसर पर फरवरी माह में जन्मदिन मना रहे सदस्यों का तिलक और उपरणा से सम्मान कर उनके सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। इसके पश्चात मनोरंजन के लिए हाउजी खेल के दो चरण आयोजित किए गए। प्रथम चरण में विजय गर्ग, श्रीमती हेमलता एवं श्रीमती संतोष जैन क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। द्वितीय चरण में विजय शर्मा, श्रीमती सुमन माथुर, दिनेश मनोत एवं दिनेश तिवारी विजेता रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया तथा स्वर्गीय जगदीश चंद्र जोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**भारत ने विश्व को दी ज्ञान परम्परा की दृष्टि, भारतीय अध्यात्म विश्व में श्रेष्ठ**

## राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अखिल भारतीय पूर्णवाद युवा फोरम सम्मेलन में लिया भाग




**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को मध्यप्रदेश के ग्वालियर स्थित जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित अखिल भारतीय पूर्णवाद युवा फोरम एवं पूर्णकन्या प्रतिष्ठान के युवा सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने पूर्णवाद विचारधारा से जुड़े महान दार्शनिक एवं आध्यात्मिक आचार्य डॉ आर पी पारनेरकर तथा डॉ वी आर पारनेरकर को स्मरण करते हुए कहा कि पूर्णवाद जीवन से जुड़ा आलोक है। उन्होंने कहा कि भारतीय अध्यात्म परम्परा विश्व की महान देन है और भौतिक जीवन के प्रत्येक पक्ष में पूर्णवाद के माध्यम से ही समग्र संतुष्टि और संतोष प्राप्त किया जा सकता है। राज्यपाल ने ईशावास्योपनिषद के पूर्णमिदम् शांति पाठ का उल्लेख करते हुए कहा कि सृष्टि स्वयं में पूर्ण है। पूर्ण से पूर्ण निकाल लेने पर भी मूल पूर्णत्व में कोई कमी नहीं आती। यह भारतीय चिंतन की अद्वितीय विशेषता है। उन्होंने भारतीय वैदिक ज्ञान, विज्ञान एवं खगोल विद्या के उत्कर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि आर्यभट्ट ने शून्य का सटीक मान विश्व को प्रदान किया तथा गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत और पृथ्वी के गोल होने का वैज्ञानिक तथ्य भी बहुत पहले प्रतिपादित किया। राज्यपाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे संतुलित और प्रसन्नचित जीवन के लिए पूर्णता के भाव को अपनाएं तथा व्यष्टि नहीं, समष्टि के भाव के साथ विकसित भारत के संकल्प में सक्रिय भागीदारी निभाएं। सम्मेलन में बड़ी संख्या में युवा एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### राज्यपाल से हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से रविवार को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लोकभवन पहुंचकर मुलाकात की । इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# होली पर अलर्ट मोड में 108 एम्बुलेंस सेवा

## प्रदेशभर में 1094 एम्बुलेंस तैनात, आपात स्थितियों से निपटने के विशेष इंतजाम

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**भीलवाड़ा।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार होली पर्व के मद्देनजर आपातकालीन चिकित्सा सेवा 108 ने पूरे राजस्थान में व्यापक तैयारियां की हैं। प्रदेशभर में कुल 1094 एम्बुलेंस को रणनीतिक रूप से तैनात कर विशेष अलर्ट जारी किया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

राज्य प्रमुख मधुसूदन भोमिया ने बताया कि त्योहार के दौरान दुर्घटना, आगजनी, झगड़े अथवा स्वास्थ्य संबंधी आपात मामलों की संभावनाओं को देखते हुए सभी जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। 108 सेवा पूर्णतः निःशुल्क है और चिकित्सा, पुलिस अथवा अग्निशमन संबंधी किसी भी आपात स्थिति में नागरिक केवल 108 पर संपर्क कर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

**भीलवाड़ा जिले में विशेष अभियान**


भीलवाड़ा जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा द्वारा होली सुरक्षा विशेष अभियान संचालित किया गया। कार्यक्रम प्रबंधक गौरव त्रिपाठी ने बताया कि होली के अवसर पर जिले में विशेष सतर्कता अभियान चलाया गया है, जिसके अंतर्गत सभी एम्बुलेंस कर्मियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों, बाजारों तथा ग्रामीण अंचलों में एम्बुलेंस की रणनीतिक तैनाती सुनिश्चित की गई है। अभियान के अंतर्गत पायलट और आपात चिकित्सा तकनीशियन को त्वरित प्रतिक्रिया समय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। नियंत्रण कक्ष की निगरानी बढ़ाई गई है तथा सभी वाहनों की पूर्व जांच, ऑक्सीजन, दवाइयों और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। त्योहार के दौरान कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त कर चौबीसों घंटे सेवाएं सक्रिय रखी गई हैं। गौरव त्रिपाठी ने कहा कि होली के दौरान किसी भी आपात स्थिति में आमजन को तुरंत और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना ही सेवा का मुख्य उद्देश्य है। टीमें पूरी मुस्तैदी और समर्पण के साथ कार्य कर रही हैं।

108 एम्बुलेंस सेवा ने भीलवाड़ा सहित प्रदेशवासियों को सुरक्षित, स्वस्थ और सुखद होली की शुभकामनाएं दी हैं।

**नागरिकों से अपील**

108 सेवा ने नागरिकों से जिम्मेदारी और सावधानीपूर्वक होली मनाने की अपील की है। आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मा पहनने, बच्चों पर विशेष ध्यान रखने, नशे की अवस्था में वाहन न चलाने तथा ज्वलनशील पदार्थों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है। किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत 108 पर संपर्क करने का आग्रह किया गया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि गैर-आपात स्थिति में सेवा का दुरुपयोग न करें, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों तक समय पर सहायता पहुंच सके।

### राज्यपाल बागडे की होली एवं धुलण्डी पर बधाई और शुभकामनाएं




**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रंगो के पर्व होली एवं धुलण्डी (2-3 मार्च) की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि होली रंग अबीर के जरिए उमंग और उत्साह को प्रकट करने के साथ परस्पर सद्भाव से मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देने वाला पर्व है। यह भक्त प्रहलाद की भक्ति की विजय के रूप में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पर्व है।

राज्यपाल बागडे ने राग- रंग -संग उल्लास के इस पर्व पर सभी की खुशहाली की कामना की है। उन्होंने रंगों के इस पर्व को आपस में हिल मिलकर मनाने का आह्वान करते परस्पर बंधुता, प्रेम और सद्भाव के लिए सतत कार्य करने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### श्री वृंदावन धाम में राधा रानी-ठाकुर जी संग भक्तों ने खेली होली

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** शहर के तीतरड़ी क्षेत्र के आजाद विहार स्थित श्री वृंदावन धाम आश्रम राधे कृष्णा मंदिर में इन



दिनों फागोत्सव की धूम मची हुई है। क्षेत्र सहित शहरभर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आश्रम पहुंच रहे हैं और भक्तिभाव से होली उत्सव में सहभागी बन रहे हैं। रविवार को प्रातःकालीन आरती के साथ ही भक्तों का आगमन प्रारंभ हो गया। पीठाधीश्वर श्री कृष्णानंद जी महाराज ने ठाकुर जी और राधा रानी के चरणों में पुष्प एवं गुलाल अर्पित कर विधिवत होली उत्सव का शुभारंभ किया। भगवान को हर्बल गुलाल, पिचकारी, अबीर तथा विभिन्न प्रकार के पुष्प अर्पित किए गए। भक्तों ने भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्ति और श्रद्धा के साथ प्रभु के द्वार होली खेली। संध्याकालीन आरती के पश्चात महाराज जी के सान्निध्य में महामंत्र संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तगण भक्ति रस में सराबोर होकर शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। फागोत्सव के इस आयोजन ने आश्रम परिसर को आध्यात्मिक उल्लास और भक्तिमय रंगों से आच्छादित कर दिया।

**थाना बाघपुरा की कार्यवाही**

### स्टेट हाईवे पर स्टंटबाजी करता युवक गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** थाना बाघपुरा पुलिस ने स्टेट हाईवे पर




मोटरसाइकिल से खतरनाक स्टंट कर आमजन की जान जोखिम में डालने वाले युवक को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल जब्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को सूचना मिली कि उदयपुर-झाड़ोल स्टेट हाईवे पर पालिया खेड़ा क्षेत्र में एक युवक स्टंटबाजी कर रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल संख्या आरजे 27 जेबी 1335 से स्टंट कर रहे मनीष पुत्र गणेश निवासी पालिया खेड़ा थाना बाघपुरा को गिरफ्तार किया। युवक के विरुद्ध धारा 126 एवं 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में कार्रवाई की गई। वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत जब्त किया गया।

**त्योहार**



मोनिका डागा आनंद

(रचना स्वरचित व सर्वाधिकार सुरक्षित)

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

### होली का त्योहार है आया

मनभावन होली का त्योहार है आया,
हजारों रंग अपने साथ उपहार में लाया ।
घर गली मोहल्ले नगर द्वार चौबारे,
खुशियों के रंगों में रंग जाते सारे,
डफ की धुनों पर मचाते हैं धमाल,
तर-बतर हो रंगों में उड़ाते गुलाल,
मन के विषाद को सबने है भूलाया ।
रंग-बिरंगे रंगों में लगते बड़े प्यारे,
प्रेम के रंगों में रंग जाते जब सारे,
ये रंग दूरियॉ मिटा लाते हैं पास,
दिलों में भर देते आनंद मिठास,
जनमानस में देखो उल्लास है छाया ।
खुशनुमा मनमोहक लगते ये नजारे,
मौज-मस्ती के रंग में रंग जाते सारे,
एक ऑगन में महके है रिश्तों का इत्र,
सपरिवार बच्चे बड़े बुजुर्ग युवा मित्र ,
सबने एक दूजे को रंग खूब लगाया ।
मनभावन होली का त्योहार है आया,
हजारों रंग अपने साथ उपहार में लाया ।

---

**क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान भारतीय गेंदबाज रवि बिश्नोई से मुलाकात बनी यादगार**

# उभरते क्रिकेट सितारे से संवाद, वरड़ा विद्यालय के विद्यार्थियों ने लिया संघर्ष और सफलता का प्रेरक संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** शहर के समीपवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वरड़ा के विद्यार्थियों के लिए शनिवार का दिन प्रेरणा और उत्साह से भरपूर साबित हुआ, जब उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम के युवा स्पिन गेंदबाज रवि बिश्नोई से सीधे संवाद करने का अवसर मिला। विद्यार्थी वंडर एकेडमी, शिकारबाड़ी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे थे। प्रतियोगिता का संयोजन क्रिएटिव सर्किल के प्रमुख एवं ख्यातनाम वास्तुकार सुनील लड्ढा द्वारा किया गया था। इसी अवसर पर विद्यार्थियों की मुलाकात रवि बिश्नोई से हुई, जिसने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

**शिक्षा और खेल का सशक्त संगम**

इस अवसर पर विद्यालय के सृजनधर्मी शिक्षक एवं प्रस्तर शिल्पकार हेमंत जोशी तथा



कोच मनोज चोरडिया भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रेरक संवाद विद्यार्थियों में नई ऊर्जा, लक्ष्य के प्रति स्पष्टता और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने क्रिकेट के व्यावहारिक गुर भी सीखे और अपने आदर्श खिलाड़ी के साथ तस्वीरें खिंचवाकर इस अविस्मरणीय क्षण को संजोया।

**प्रेरणा से भरा समापन संदेश**

संवाद के अंत में रवि बिश्नोई ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बड़े सपने देखने का साहस रखो और उन्हें साकार करने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ मेहनत करो। मैदान पर पसीना बहाने वाला खिलाड़ी ही जीत का वास्तविक आनंद प्राप्त करता है। यह मुलाकात विद्यार्थियों के लिए केवल खेल संबंधी अनुभव नहीं रही, बल्कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा बन गई।

**मेहनत, अनुशासन और सपनों की उड़ान का मंत्र**

संवाद के दौरान रवि बिश्नोई ने अपने संघर्षपूर्ण सफर और सफलता की कहानी विद्यार्थियों के साथ साझा की। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद निरंतर अभ्यास, धैर्य और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने अपनी पहचान बनाई। वर्ष 2020 में आयोजित आईसीसी अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 17 विकेट लेकर वे टूनामेंट के सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, जिसने उनके करियर को नई दिशा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि सफलता किसी शॉर्टकट से नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत और अनुशासन से मिलती है। नियमित अभ्यास, शारीरिक फिटनेस और मानसिक संतुलन को उन्होंने खेल जीवन की आधारशिला बताया। विद्यार्थियों ने उनसे गेंदबाजी की तकनीक, फिटनेस के रहस्य, बड़े मंच पर खेलने के अनुभव और दबाव की परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखने के बारे में उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे। रवि बिश्नोई ने सरल और प्रेरक शैली में सभी प्रश्नों के उत्तर देकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

---

# राधा सरल बिहारी मंदिर में फागोत्सव का हर्षोल्लासपूर्ण एवं भावपूर्ण आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** कलमप्रिया लेखिका साहित्य संस्थान एवं जयपुर विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में राधा सरल बिहारी मंदिर में फागोत्सव का अत्यंत हर्षोल्लासपूर्ण एवं भावपूर्ण आयोजन किया गया। मंदिर की आकर्षक सज्जा, सुसज्जित प्रांगण और भक्तिमय वातावरण ने उपस्थित सभी सदस्याओं का मन मोह लिया। फागुन की मादकता और भक्ति भाव से संपूर्ण परिसर सराबोर रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शशि सक्सेना एवं नीलम शर्मा ने की। प्रारंभ में सभी अतिथियों और सदस्याओं के लिए मंदिर परिसर में स्नेहपूर्ण जलपान की व्यवस्था की गई। मंदिर प्रवेश पर तिलक लगाकर तथा ढोल की थाप के साथ पारंपरिक स्वागत किया गया। अध्यक्ष मंडल की ओर से कुछ सदस्याओं को श्वेत और लाल रंगों से सुसज्जित आकर्षक साड़ी भेंट की गई, जिससे उत्सव की गरिमा और बढ़ गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ अनुराधा माथुर द्वारा सरस्वती



वंदना से हुआ, जिसने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात कमलेश चौधरी ने हमारे घर आना होली में कविता का भावपूर्ण पाठ किया। विभिन्न भक्तिमय भजनों, नृत्य प्रस्तुतियों और उल्लासपूर्ण कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सदस्याएं राधा भाव में रंगी हुई प्रतीत हो रही थीं। इस अवसर पर कलमप्रिया लेखिका संस्थान, उमंग संस्था तथा जयपुर विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वयंसेवक के रूप में सहयोग प्रदान किया। विद्यालय के संस्था प्रधान एवं प्राचार्य का शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। शशि पाठक द्वारा भेंट स्वरूप प्रदान किया गया प्रोजेक्टर भी विद्यालय को औपचारिक रूप से सुपुर्द किया गया।

फूलों की होली ने उत्सव को चरम आनंद तक पहुंचा दिया। हिमाक्षी कर्नाटक, मनीषा दुबे, रितिका मदान सहित सभी सदस्याओं ने नृत्य कर फागुन के रंगों को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा स्नेहपूर्वक स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। विदाई के समय नीलम शर्मा ने सभी अतिथियों को रंग लगाकर, प्रसाद वितरित कर एवं पान खिलाकर आत्मीय विदाई दी। कार्यक्रम में मंजू अरोड़ा, शशि तनेजा, डॉ कंचना सक्सेना, पवनेश्वरी वर्मा, ज्योत्सना सक्सेना, अर्चना सिंह, अनुराधा माथुर, स्तुति सक्सेना, सीमा लोहिया, पूनम सेठी, आशा पंजवानी, माला कैलाश पार्वती भागवानी, मंजू कपूर, नीता जत्तानी, आशा अरोड़ा एवं डॉ अंजु सक्सेना सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।

फागोत्सव का यह आयोजन भक्ति, संस्कृति और आत्मीयता का सुंदर संगम बनकर स्मरणीय रहा।

---

**सांसद महिमा कुमारी की पहल को मिली सफलता**

## प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 89 सहित तीन सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान में 403.07 करोड़ रुपये की लागत से तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। इन परियोजनाओं में राष्ट्रीय राजमार्ग 89 अजमेरझ्ननागौर वाया मेड़ता का लगभग 150 किलोमीटर लंबा खंड भी शामिल है, जो क्षेत्र की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राजसमंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद महिमा कुमारी ने 30 जनवरी 2026 को लोकसभा में नियम 377 के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 89 के उन्नयन और चौड़ीकरण की आवश्यकता का मुद्दा प्रभावी रूप से उठाया था। उन्होंने सदन में तथ्य प्रस्तुत करते हुए बताया था कि यह मार्ग अत्यधिक यातायात दबाव झेल रहा है तथा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के मानकों के



अनुरूप इसके उन्नयन की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री द्वारा किए गए लोकार्पण से इस महत्वपूर्ण मार्ग को औपचारिक रूप से नई गति मिली है। यह सड़क पश्चिमी और मध्य राजस्थान की कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे राजसमंद लोकसभा क्षेत्र सहित आसपास के जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। बेहतर सड़क अधोसंरचना से यातायात सुगम होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।

---

**अजमेर विद्युत वितरण निगम की सकारात्मक पहल, 10 आश्रितों को मिला रोजगार**

## दिवंगत कार्मिकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**अजमेर।** अजमेर विद्युत वितरण निगम ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए 10 दिवंगत कार्मिकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की है। निगम द्वारा जारी आदेशों के तहत 7 आश्रितों को वाणिज्यिक सहायक द्वितीय तथा 3 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्त किया गया है। नियुक्त होने वालों में 4 महिलाएं और 6 पुरुष शामिल हैं।

निगम के प्रबंध निदेशक के.पी. वर्मा की स्वीकृति के बाद नियुक्ति आदेश जारी किए गए। प्रबंध निदेशक ने बताया कि नियुक्त कर्मचारी दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रहेंगे। इस अवधि में वाणिज्यिक सहायक द्वितीय को 14,600 रुपये प्रतिमाह तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को 12,600 रुपये प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा।




उन्होंने कहा कि दिवंगत डिस्कॉम कर्मियों के परिजनों को शीघ्र राहत देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। नियुक्ति प्रक्रिया में मानवीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी गई, जिससे आश्रितों को कम समय में रोजगार उपलब्ध कराया जा सका।

सचिव प्रशासन सीमा शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने भी निगम प्रबंधन के इस कर्मचारी कल्याणकारी कदम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है। अजमेर विद्युत वितरण निगम की यह पहल कर्मचारी परिवारों को संबल प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

---

# रिवर फ्रंट गार्डन में वरिष्ठ नागरिकों ने फूलों की होली खेलकर मनाया उल्लासपूर्ण उत्सव

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** रिवर फ्रंट गार्डन में न्यू नव रतन कॉम्प्लेक्स के 100 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने नृत्य, गीत और संगीत के साथ फूलों की बौछार कर होली का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया। 60 वर्ष से लेकर 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ साथियों ने युवाओं की तरह नाच-गान कर जीवन के प्रति सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का परिचय दिया।

संस्था के अध्यक्ष सुरेश वाधवानी ने अपने चुटकुलों और हास्य व्यंग्य से सभी को गुदगुदाया, वहीं मधु सहगल ने होली के रोचक उपनामों के साथ कार्यक्रम में आनंद का रंग घोला। सुभाष अग्रवाल, बंशीलाल, मनिता




बंसल, वीना तिवारी, रेखा मानावत, ललित दक और विजयलक्ष्मी सहित अन्य प्रतिभागियों ने गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

रजनीकांत मनावत और आर के बंसल ने ठुमके लगाकर उपस्थित सभी को नृत्य के लिए प्रेरित किया। दिलीप सामर द्वारा परोसे गए गर्मागर्म पकौड़े और बड़े ने उत्सव का स्वाद



और बढ़ा दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों ने उत्सव को सफल बनाने में कोई कमी नहीं रखी। इस आयु में भी उत्साहपूर्वक त्योहार मनाते हुए उन्होंने यह संदेश दिया कि जीवन के हर पड़ाव पर आनंद और उत्सव की भावना बनी रहनी चाहिए।

---

# राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शिव स्वराज्य यात्रा का राजस्थान में स्वागत और अभिनंदन किया







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने महाराष्ट्र के पुणे से पूंछ, जम्मू कश्मीर के लिए जा रही शिव स्वराज्य यात्रा का राजस्थान आगमन पर स्वागत और अभिनंदन किया। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारूढ़ प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं आरती कर श्रद्धा निवेदित की गई। जयकारों और राष्ट्रभावना से ओतप्रोत वातावरण के बीच राज्यपाल ने कहा कि देश में हिंदवी राज्य की स्थापना छत्रपति शिवाजी महाराज ने की। वे स्वराज का उद्घोष करने वाले अप्रतिम भारतीय योद्धा थे। अदम्य साहस, दूरदृष्टि और संगठन क्षमता के बल पर उन्होंने सुदृढ़ एवं लोककल्याणकारी राज्य की स्थापना कर समानता की भारतीय परंपरा को सशक्त किया। राज्यपाल ने कहा कि शिवाजी महाराज की वीरता, साहस, मातृभूमि के प्रति अनुराग और अपराजेय रहने के इतिहास से नई पीढ़ी को जोड़ना समय की आवश्यकता है। उनके जीवन, विजय अभियानों और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरक गाथाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, ताकि युवाओं में राष्ट्रभावना सुदृढ़ हो सके। उन्होंने जयपुर से जम्मू कश्मीर जा रही इस शोभायात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज राष्ट्र को जोश और प्रेरणा देने वाले महानायक हैं। इस अवसर पर सिविल लाइंस क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि जम्मू कश्मीर में शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करना एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल है। शिव स्वराज्य यात्रा के प्रतिनिधि अनिल जाधव ने यात्रा के उद्देश्य और मार्ग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल को शिवाजी महाराज पर प्रकाशित तीन पुस्तकें भी भेंट की गईं।

---

**शिविर में स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन, बच्चों को मिला आयुर्वेदिक संरक्षण**

## नि:शुल्क क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर में उमड़ा जनसैलाब

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़।** आयुर्वेद विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में भट्टारक यश कीर्ति जैन बोर्डिंग परिसर में आयोजित दस दिवसीय निःशुल्क अर्श-भगंदर शल्य चिकित्सा शिविर में मरीजों का आना निरंतर जारी है। शिविर में आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से प्रतिदिन उपचार किया जा रहा है और दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। शिविर प्रभारी डॉ कमलकांत शर्मा एवं मीडिया प्रभारी डॉ कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि शिविर के आठवें दिन पंचकर्म चिकित्सा के अंतर्गत 35 अग्निकर्म एवं विद्धकर्म किए गए, जबकि जलोका चिकित्सा के माध्यम से चार रोगियों का उपचार किया गया। आंचल प्रसूता एवं स्त्री रोग श्रेणी में 20 महिलाओं की जांच कर निःशुल्क औषधि प्रदान की गई। सामान्य आयुर्वेद चिकित्सा के अंतर्गत 110 रोगियों का उपचार किया गया। शिविर में भर्ती रोगियों की प्रतिदिन स्वास्थ्य जांच, देखभाल एवं आयुर्वेद पद्धति से उपचार जारी है।

रविवार को पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर शिविर में स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन किया गया। उपनिदेशक डॉ मुकेश कुमार शर्मा एवं आंचल प्रसूता केंद्र प्रभारी डॉ मनीषा मीणा ने बताया कि शून्य से पांच



वर्ष तक के 136 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। उन्होंने बताया कि स्वर्ण प्राशन में शुद्ध स्वर्ण भस्म, शहद, ब्राह्मी, शंखपुष्पी, वसा एवं गोघृत से निर्मित योग का प्रयोग किया जाता है, जो बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, स्मरण शक्ति सुदृढ़ करने तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होता है। शिविर में डॉ महेश स्वामी, डॉ राजेश रेगर, डॉ शिवचरण शर्मा, डॉ बृजभूषण शर्मा, डॉ राजेश कटारा, डॉ संदीप मुंडोतिया, डॉ रेखा मीणा, डॉ दिव्या सोलंकी, डॉ आरती दवे, डॉ अनिता गुर्जर सहित नर्सिंग अधिकारी दशरथ गायरी, कमलेश टेलर, सूरज सिंह निनामा, नारायण लाल कलासुआ, देवीलाल मीणा, कला मीणा, श्यामा कुमारी, सावित्री मीणा, हुसैना बानो, भायचंद डामोर, नानूराम डामोर तथा अन्य परिचारकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित यह शिविर जनसामान्य को पारंपरिक चिकित्सा पद्धति से लाभान्वित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है।

## खबर संक्षेप

एसीबी की सफल ट्रैप कार्रवाई

### उपनिरीक्षक 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**आणंद @ पदमावत मीडिया।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक जागरूक नागरिक की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए खंभात सिटी पुलिस स्टेशन में पदस्थ उपनिरीक्षक पंकजकुमार परषोत्तमभाई पटेल को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह ट्रैप कार्रवाई 1 मार्च 2026 को लालन दरवाजा पुलिस चौकी के पास, खंभात में सार्वजनिक स्थान पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता एवं उनके साझेदार ने खंभात शहर में भूमि का विकास कर भूखंड तैयार किए थे। उक्त भूमि अशांतधारा अधिनियम के अंतर्गत आने के कारण बिक्री के लिए अनुमति आवश्यक थी। इस संबंध में प्रांत कार्यालय खंभात में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जो पुलिस अभिमत हेतु खंभात सिटी पुलिस स्टेशन भेजा गया। जांच का दायित्व आरोपी उपनिरीक्षक को सौंपा गया था। शिकायतकर्ता द्वारा अनुमति से संबंधित दो आवेदनों के बारे में चर्चा करने पर आरोपी ने प्रत्येक आवेदन के लिए 15 हजार रुपये के हिसाब से कुल 30 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता रिश्वत देने के इच्छुक नहीं थे, इसलिए उन्होंने आणंद एसीबी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर एसीबी ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप बिछाया। ट्रैप के दौरान आरोपी ने शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपये की रिश्वत राशि स्वीकार की। इस प्रकार आरोपी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए आपराधिक कदाचार किया। रिश्वत की पूरी राशि मौके से बरामद कर ली गई। इस कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस निरीक्षक एम.एल. राजपूत, आणंद एसीबी द्वारा टीम के साथ किया गया। सुपरविजन अधिकारी के रूप में सहायक निदेशक एम.एच. पुवार, एसीबी अहमदाबाद इकाई उपस्थित रहे। कार्रवाई का समन्वय नायब निदेशक हरेश मेवाड़ा द्वारा किया गया। एसीबी द्वारा आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

थाना खेरोदा की बड़ी कार्यवाही

### ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत अवैध अफीम की फसल जब्त, हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** थाना खेरोदा पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत



अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए गेहूं की फसल की आड़ में उगाई जा रही अफीम की फसल जब्त कर एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खेरोदा थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम को गुप्त सूचना मिली कि बद्रीलाल पुत्र हीरालाल निवासी बांसड़ा थाना खेरोदा अपने खेत में अवैध अफीम की खेती कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने खेत पर पहुंचकर तलाशी ली। जांच के दौरान गेहूं की फसल के बीच कुल 227 अफीम के पौधे पाए गए। पौधों को उखाड़कर जब्त किया गया, जिनका कुल वजन 25.390 किलोग्राम पाया गया। मौके से आरोपी बद्रीलाल पुत्र हीरालाल निवासी बांसड़ा थाना खेरोदा जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी थाना खेरोदा का हिस्ट्रीशीटर भी है। प्रकरण संख्या 39/2026 धारा 8/18 मादक पदार्थ अधिनियम में मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

### निगम ने 29 हजार 500 का किया कैरिंग चार्ज वसूला

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में अरावली मार्ग, पटेल मार्ग, गोखले मार्ग मानसरोवर से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 29 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 2 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में अरावली मार्ग, पटेल मार्ग, गोखले मार्ग मानसरोवर से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 2 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 29 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया।

# श्री सक्षम सोसायटी की भव्य तैयारियों के साथ बैठक सम्पन्न

## 7 मार्च को नारी शक्ति सम्मान समारोह ऐतिहासिक बनाने का संकल्प

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** श्री सक्षम सोसायटी द्वारा स्थापना के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले नारी शक्ति सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण एवं व्यापक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायी स्वरूप देने के लिए विस्तृत चर्चा कर ठोस निर्णय लिए गए। बैठक में सोसायटी के अध्यक्ष नंदकिशोर काबरा ने कहा कि नारी सम्मान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त पहल है। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करें। सचिव सुप्रिया खंडेलवाल ने कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि समारोह 7 मार्च को खंडेलवाल भवन, आवरी माता मंदिर के पास, सेंट्रल एरिया, उदयपुर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने पंजीकरण प्रक्रिया, अतिथि आमंत्रण, मंच व्यवस्था, सम्मान सामग्री, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तथा मीडिया समन्वय सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में कृष्णा कुंवर, स्वीटी जैन, सोमन, सुमन, संजय जैन, पवन जैन पदमावत सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की सफलता हेतु जिम्मेदारियों का विभाजन किया गया तथा विभिन्न समितियों का गठन किया गया, ताकि प्रत्येक व्यवस्था समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूरी हो सके। समारोह के अंतर्गत शिक्षा, समाजसेवा, उद्यमिता, सांस्कृतिक क्षेत्र, महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याण में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को निःशुल्क सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि कार्यक्रम में आकर्षक पुरस्कारों के साथ हाउजी खेल, ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं उल्लासपूर्ण फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सभी अतिथियों के लिए अल्पाहार की स्नेहपूर्ण व्यवस्था रहेगी। पदाधिकारियों ने कहा कि नारी समाज की शक्ति, संस्कार और संवेदना का आधार है। उनके योगदान को सार्वजनिक मंच पर सम्मानित करना समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार होता है तथा समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अधिक से अधिक महिलाओं तक सम्मान समारोह की जानकारी पहुंचाई जाए। सम्मान हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि 2 मार्च निर्धारित की गई है। विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय महिलाएं इस अवसर पर पंजीकरण कर सकती हैं। साथ ही, समाज के गणमान्य व्यक्तियों, संस्थाओं एवं प्रतिष्ठानों से सहयोग और सहभागिता का भी आह्वान किया गया। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि नारी शक्ति सम्मान समारोह को गरिमा, अनुशासन और उत्साह के साथ आयोजित कर समाज में एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया जाएगा। श्री सक्षम सोसायटी का यह आयोजन नारी सम्मान, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का सशक्त संदेश देने वाला सिद्ध होगा।

# सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल 2026 की तैयारियां युद्ध स्तर पर

## संरचनात्मक सुरक्षा के लिए व्यापक कार्य, मुख्य सचिव ने दिए समयबद्ध पूर्णता के निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल 2026 के आयोजन को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा स्टेडियम को संरचनात्मक रूप से सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए विभिन्न कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं।

मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने हाल ही में स्टेडियम का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। निरीक्षण के बाद कार्यों की गति और तेज कर दी गई है। स्टेडियम की संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित करने के लिए मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर द्वारा प्रस्तावित स्थानों पर लाइव लोड परीक्षण कराए जा रहे हैं। परीक्षण के परिणामों के आधार पर आवश्यक सुधार कार्य किए जा रहे हैं। अग्नि सुरक्षा के तहत व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं, जिनमें अग्नि अलार्म प्रणाली, अग्नि निकास मार्ग, अतिरिक्त सीढ़ियां तथा अन्य सुरक्षा प्रावधान शामिल हैं। कांटेदार फेंसिंग हटाकर सुरक्षित रेलिंग लगाई जा रही है तथा सभी छतों को जलरोधक बनाया जा रहा है। दर्शकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि आईपीएल प्रारंभ होने से पूर्व निर्धारित समय सीमा में सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे, ताकि आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों को सुरक्षित एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।




### रंगरोगन कार्य

पश्चिमी ब्लॉक के भूतल गलियारे, उत्तर स्टैंड के सामान्य शौचालय, दक्षिण एवं पूर्वी स्टैंड की रिटेनिंग दीवारों सहित विभिन्न स्थानों पर रंगरोगन कार्य कराया जा रहा है।

### विद्युत कार्य

दक्षिण एवं उत्तर ब्लॉक में अग्निशमन और अग्नि पहचान प्रणाली का सुदृढ़ीकरण, पुनः वायरिंग, वितरण पैनल परिवर्तन, वातानुकूलन प्रणाली का प्रतिस्थापन, डीजल जनरेटर स्थापना तथा सामान्य शौचालयों की मरम्मत सहित अन्य कार्य प्रगति पर हैं।

### सिविल कार्य

उत्तर ब्लॉक में झिल्ली आधारित छत उपचार, सभी स्टैंड, पूर्वी ब्लॉक एवं निकास द्वारों पर प्लास्टर कार्य, दक्षिण ब्लॉक में आपातकालीन निकास द्वारों की ऊंचाई दो मीटर तक बढ़ाने का कार्य तथा फाल्स सीलिंग ग्रिड स्थापना सहित विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे हैं।

### सेज यूनिवर्सिटी के सेज शिक्षा आपके द्वार अभियान के तहत उदयपुर में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सेज यूनिवर्सिटी की ओर से सेज शिक्षा आपके द्वार अभियान के अंतर्गत मंगलवार को उदयपुर शहर में शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेज यूनिवर्सिटी इंदौर एवं भोपाल से आए प्रतिनिधि सदस्यों ने उदयपुर के विभिन्न स्कूलों एवं कोचिंग संस्थानों के शिक्षकों को मोमेंटो एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व और राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। डॉ किरण सोनी ने कहा कि शिक्षा जीवन को दिशा देती है, व्यक्तित्व को निखारती है और समाज के निर्माण में आधारशिला का कार्य करती है। शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, प्रेरणास्त्रोत और आदर्श बनकर विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करते हैं। वे विद्यार्थियों को केवल पाठ्य ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन के लिए तैयार करते हैं, जिससे वे आत्मविश्वासी, कुशल और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। डॉ प्रीतम सिंह ने कहा कि अध्यापक केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि बच्चों के समग्र विकास की जिम्मेदारी भी निभाएं। विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ कौशल विकास और विपरीत परिस्थितियों से निपटने की क्षमता भी प्रदान की जानी चाहिए, ताकि वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। सेज यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने संस्था की शैक्षणिक उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय पिछले 23 वर्षों से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय है। यहां अनुभवी संकाय सदस्य विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

### स्वामी अभयदास महाराज जन जाति गुरुकुल का नगर वासियों को देगें निमंत्रण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** लक्षार्चन महायज्ञ एवं सहस्त जनजाति गुरूकुलम् उद्घाटन समारोह निमित्त समस्त नगरवासियों को निमंत्रण देने हेतु एक बैठक का आयोजन सोमवार को रखा गया है। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस हेतु ओजस्वी परम श्रेष्ठीवर्य युवाचार्य स्वामी अभयदास महाराज सोमवार को सुबह 9 बजे स्थानीय वराहश्याम मंदिर सत्संग हॉल आएंगे ।

इस अवसर पर नगर की सभी 36 कौम के समाज सज्जनों को सप्त दिवसीय उद्घाटन समारोह में उपस्थित होने की पत्रिका व पीले चावल देकर निमंत्रण देंगे । कार्यक्रम संयोजक दिनेश दवे नवीन ने बताया कि इस शुभ अवसर पर सभी समाज के प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में भावी कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी जायेगी।

## गायत्री प्रत्यक्ष पंचांग का दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**





**भीनमाल।** गायत्री प्रत्यक्ष पंचांग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर दो दिवसीय स्वर्ण जयंती का आयोजन अहमदाबाद में हुआ। जिसमें देश भर के सभी प्रांतों के पंचांग कर्ता व ज्योतिष के मूर्धन्य विद्वानों ने शिरकत की। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि समारोह में स्थानीय निवासी श्रीदर्शन पंचांग कर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सभा के अध्यक्ष डॉ.प्रवीण भाई तोगड़िया थे। अध्यक्षता अंबाजी संस्कृत पाठ शाला के आचार्य पंडित नारायण गुरु, विशिष्ट अतिथि चैतन्य शंभू महाराज थे। अतिथियों ने सनातन धर्म में ज्योतिष, वेद पुराण, उपनिषदों का मानव जीवन में महत्व का विस्तार से वर्णन किया। इस अवसर पर दीप प्रज्वल के साथ पंचांग के संस्थापक स्व रघुनाथभाई चुन्नीलाल दवे को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भारतीय पंचांग में प्रकाशित व्रत पर्व में एकरूपता लाने के लिए विक्रम संवत 2084 सन 2027- 28 के लिए भारत के प्रमुख पंचांग कताओं की एक बैठक महा गुजरात पंचांग विद्वत परिषद द्वारा श्रीमाली ब्राह्मण सुवर्ण जयंती सभागार अहमदाबाद में आयोजित की गई। जिसमें वर्ष भर में आयोजित होने वाले प्रमुख तीज त्योहारों पर मंथन हुआ। त्रिवेदी ने बताया कि वरिष्ठ मूर्धन्य पंचांग कर्ता विश्वजीत रावल की अध्यक्षता में संगोष्ठी आयोजित हुई। इस बैठक में जन्मभूमि पंचांग मुंबई की संपादिका सुश्री ज्योतिबेन भट्ट, गुजरात समाचार पंचांग के संपादक सिद्धार्थ एम. शर्मा, गायत्री प्रत्यक्ष पंचांग के संपादक शास्त्री पंडित बाल कृष्ण आर. दवे, सह संपादक शास्त्री राजेंद्र दवे एवं शास्त्री कंदर्प दवे, लाटकर पंचांग के संपादक मेघ श्याम लाटकर, संदेश पंचांग के संपादक कनुभाई पुरोहित, राज ज्योतिषी जोशी के पंचांग के संपादक पंडित अभिषेक जोशी, सनातन ज्योतिष पंचांग के संपादक पंडित सुरेश गौड़, श्रीदर्शन पंचांग के संपादक शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, अर्बुद श्रीपंचांग के संपादक पंडित जनार्दन ओझा, काल चक्र पंचांग के संपादक रमेश पंड्या, बुद्धि बल्लभ पंचांग के संपादक पवन पाठक, आदित्य प्रत्यक्ष पंचांग के संपादक हितेंद्र शास्त्री, महाराष्ट्रीय पंचांग की संपादक प्रीति राजंदेकर व हेमंत राजंदेकर, सिया भवानी पंचांग के संपादक डॉ. श्याम मनोहर चतुर्वेदी, कैलाश पंचांग के संपादक देव शर्मा, पंचांग दिवाकर के संपादक पंडित दिवाकर शर्मा, व्यास पंचांग के संपादक आचार्य अजय व्यास व आचार्य शीतल व्यास, रूइकर पंचांग महाराष्ट्र के संपादक श्रीगुरू मुकंद रूइकर, पंडित चीवकुला शेषाचल शर्मा हैदराबाद, विजय सुब्रह्मण्य सिद्धांती, पंडित मधुसूदन जोशी पालनपुर सहित पंचांगकर्ता विद्वानों ने भाग लेकर संगोष्ठी में व्रत पर्वो की एकरूपता पर निर्णय लिए। इस मौके गायत्री प्रत्यक्ष पंचांग परिवार द्वारा सभी विद्वानों को प्रशस्ति पत्र व सुवर्ण जयंती का रजत स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच संचालन अभिषेक जोशी जोधपुर ने किया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राजस्थान पुलिस की अभिनव पहल

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सुरक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में राजस्थान पुलिस ने तकनीक आधारित महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की मंशा के अनुरूप प्रदेशभर में सार्वजनिक परिवहन साधनों बस, ऑटो और टैक्सी में राजकॉप सिटीजन एप के क्यूआर कोड युक्त पोस्टर और स्टीकर लगाने का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य यात्रा के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा आपात स्थिति में उन्हें त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार विभिन्न जिलों में यातायात पुलिसकर्मी सार्वजनिक परिवहन वाहनों पर क्यूआर कोड वाले पोस्टर व्यवस्थित रूप से चिपका रहे हैं।







### एक स्कैन और सीधे पुलिस से संपर्क

सार्वजनिक परिवहन में यात्रा कर रही छात्राएं, कामकाजी महिलाएं और अन्य महिला यात्री अपने मोबाइल फोन से वाहन में प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन कर राजकॉप सिटीजन एप डाउनलोड कर सकती हैं। एप में उपलब्ध नीड हेल्प सुविधा विशेष रूप से आपात स्थिति के लिए विकसित की गई है। संकट की स्थिति में एक क्लिक पर महिला की लोकेशन सीधे पुलिस नियंत्रण कक्ष तक पहुंचती है, जिससे तुरंत सहायता सुनिश्चित की जा सके।

### तकनीक से मजबूत होगा भरोसा

राजस्थान पुलिस की यह पहल महिला सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। सार्वजनिक परिवहन में क्यूआर कोड प्रदर्शित होने से छात्राओं और कामकाजी महिलाओं में सुरक्षा का भाव और विश्वास बढ़ेगा। यह अभियान तकनीक आधारित सुरक्षा तंत्र को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। राजस्थान पुलिस का यह प्रयास दशार्ता है कि महिला सुरक्षा केवल प्राथमिकता नहीं, बल्कि सतत मिशन है।

## क्या 'बिग बॉस 19' फेम तान्या मित्तल को मिला एकता कपूर का ओटीटी प्रोजेक्ट? शादी पर कही बड़ी बात

**हाल** ही में तान्या मित्तल को प्रोड्यूसर एकता कपूर के बंगले पर देखा गया। हालांकि यह मीटिंग किस तरह की थी, इसके बारे में ज्यादा डिटेल नहीं मिली है। लेकिन टीवी इंडस्ट्री से जुड़े एक सूत्र ने बताया है कि एकता कपूर अपने एक आने वाले ओटीटी प्रोजेक्ट के लिए तान्या मित्तल के साथ हाथ मिला रही हैं। तान्या मित्तल 'बिग बॉस 19' में अपने ट्रेडिशनल अटायर के लिए काफी मशहूर हुईं। वह हमेशा ही साड़ी में नजर आती हैं। एकता कपूर से मिलने भी वह साड़ी में पहुंची हैं। अपकमिंग ओटीटी प्रोजेक्ट में तान्या का लुक भी शायद ट्रेडिशनल ही हो। वैसे इस बारे में अभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है कि तान्या किस तरह का रोल एकता कपूर के ओटीटी प्रोजेक्ट में करेंगी।



बोमन ईरानी ने बताया

## मैं स्टेज पर खड़ा था, हैरान था, और मेरे रोंगटे खड़े हो गए

**सीनियर** एक्टर और फिल्ममेकर बोमन ईरानी के लिए यह पल सच में यादगार बन गया, जब उनके डायरेक्टोरियल डेब्यू द मेहता बॉयज़ को स्पोकन फेस्ट में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिले। भारत की बेहतरीन आवाज़ों का जश्न मनाने वाले इस दो दिन के फेस्टिवल में एक दिल छू लेने वाला नज़ारा तब बना, जब स्टेज पर होस्ट्स ने फिल्म का नाम लिया और करीब 5000 स्पोकन वर्ड प्रेमियों ने एक साथ जोरदार चीयर कर दिया। हॉल की एनर्जी ऐसी थी जैसे करंट दौड़ गया हो। बोमन खुद भी हैरान रह गए, और साफ दिख रहा था कि वो इस प्यार से गहराई तक भावुक हो गए हैं। इस पल को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि यह लम्हा उन्हें ऐसी खुशी दे गया जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। 5000 लोगों ने एक साथ उनकी 'बेबी' 'द मेहता बॉयज़' का नाम सुना जो आवाज़ दी, वो किसी रॉक बैंड जैसी ट्रीटमेंट थी। वो स्टेज पर खड़े थे, पूरी तरह चौंके हुए... और रोंगटे खड़े हो गए थे। स्पोकन फेस्ट में गूंजती तालियों की यह आवाज़ इस बात का सबूत है कि द मेहता बॉयज़ आज भी दर्शकों के दिलों से गहराई से जुड़ रही है। वर्क फ्रंट की बात करें तो बोमन ने हाल ही में खोसला का घोसला 2 का दिल्ली शेड्यूल पूरा किया है। इसके बाद वो हैवान में अक्षय कुमार और सैफ अली खान के साथ नजर आएंगे। साथ ही वो पेड्डी में भी दिखेंगे, जिसमें उनके साथ राम चरण हैं, और जो 30 अप्रैल को रिलीज होने वाली है।




ऋषभदेव मेले में महिला अधिकारिता विभाग की सशक्त पहल,

## सरकारी योजनाओं से जोड़ी गई सैकड़ों महिलाएं



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**ऋषभदेव।** महिला अधिकारिता विभाग द्वारा राजीविका भवन, ऋषभदेव में आयोजित मेले के दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भरता की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक और प्रभावी प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि महिलाओं को योजनाओं से वास्तविक रूप से जोड़कर उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना रहा। मेले में लाडो प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील उड़ान योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना तथा घर से कार्य योजना सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। विभागीय सुपरवाइजर दुर्गा रावत ने योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा लाभ की प्रकृति को सरल भाषा में समझाते हुए महिलाओं को अधिकाधिक आवेदन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ उठाकर महिलाएं अपने जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान विधिक सलाहकार पिना डामोर ने महिला सुरक्षा सलाह केंद्र की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को कानूनी सहायता, घरेलू हिंसा से संरक्षण, परामर्श सेवाएं तथा शिकायत निवारण की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और आवश्यकता पड़ने पर विधिक सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। मेले में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही। कई महिलाओं ने योजनाओं के संबंध में जानकारी लेकर आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की। उपस्थित महिलाओं में उत्साह और जागरूकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। महिला अधिकारिता विभाग की यह पहल महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रही है। विभाग ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अधिकाधिक महिलाओं को योजनाओं से जोड़ा जाएगा, ताकि सशक्त महिला ही सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला बन सके।

फिल्म को बताया दिलों को छू लेने वाली कहानी

## जावेद अख्तर को भा गई तापसी पन्नू की 'अस्सी'

सामाजिक-राजनीतिक और रियलिस्टिक फिल्मों के लिए हिंदी सिनेमा के जाने-माने डायरेक्टर अनुभव सिन्हा की फिल्म 'अस्सी' 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। बॉक्स ऑफिस पर भले ही फिल्म धीमी कमाई कर रही है, लेकिन फिर भी फैंस के दिलों पर छाप छोड़ रही है। गीतकार और लेखक जावेद अख्तर नेसमाज की कड़वी और गंदी मानसिकता पर चोट करती फिल्म 'अस्सी' की तारीफ की है। तापसी पन्नू की फिल्म 'अस्सी' देशभर में महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न की सच्चाई को उजागर करती है। फिल्म में कोर्टरूम ड्रामा से लेकर पीड़िता को उस दौरान किन चीजों का सामना करना पड़ता है, इन सभी पहलुओं को बारीकी से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म गीतकार जावेद अख्तर के दिल में उतर चुकी है। गीतकार ने फिल्म की तारीफ कर लिखा कि अस्सी ऐसी कहानी है, जो एक तरफ इमोशनल पहलू को छूती है और दूसरी तरफ लोगों के दिल को। फिल्म को बहुत अच्छे तरीके से दिखाया गया है, जो कई सवालों के जवाब देती है। वहीं कुकिंग शो मास्टर शेफ के जज रणवीर बरार ने भी फिल्म की खुलकर तारीफ की और कहा कि विजुअली फिल्म को बहुत मजबूत तरीके से बनाया गया है, जो आपको सोचने पर मजबूर करती है। सिनेमाघरों में रिलीज के साथ ही 'अस्सी' को अच्छा रिस्पांस मिला था। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 1 करोड़ की कमाई की थी, जबकि दूसरे और तीसरे दिन 3.20 करोड़ रुपए की कमाई की। पहले हफ्ते फिल्म 4.20 करोड़ का कलेक्शन करने में कामयाब रही है। हालांकि, सोमवार से फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट देखी गई। अब तक फिल्म 6.30 करोड़ का कलेक्शन करने में कामयाब रही। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म का बजट 30 करोड़ है। बजट के हिसाब से फिल्म अभी तक एक चौथाई भी कमाने में कामयाब नहीं रही है, फिर भी लोग फिल्म की तारीफ से खुद को रोक नहीं पा रहे। माना जा रहा है कि फिल्म के फ्लॉप होने का कारण फिल्म का ठीक तरीके से प्रचार नहीं करना है। फिल्म व्यापार विशेषज्ञ की मानें तो अस्सी में स्टार पावर की कमी है और फिल्म का प्रमोशन भी सही तरीके से नहीं किया गया।



स्पिरिट का हाई वोल्टेज पोस्टर रिलीज

## साथ दिखे विवेक ओबेरॉय-ऐश्वर्या




साल 2027 की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'स्पिरिट' को लेकर फैंस की बेसब्री चरम पर है. हाल ही में मेकर्स ने विवेक ओबेरॉय का दमदार फर्स्ट लुक जारी कर एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है. प्रभास स्टारर इस पैन-वर्ल्ड एंटरटेनर में ऐश्वर्या देसाई भी अहम भूमिका में नजर आएंगी. साल 2026-2027 सिनेमाप्रेमियों के लिए काफी खास है, क्योंकि ये साल कई जबरदस्त फिल्में लेकर आ रहा है. इन्हीं फिल्मों में एक नाम 'स्पिरिट' का भी है, जिसको लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट बढ़ी हुई है. हालांकि, पहले से ही लोगों की बेसब्री फिल्म को लेकर चरम पर है और अब मेकर्स ने फैंस की धड़कनें और तेज कर दी हैं. हाल ही में इस मेगा प्रोजेक्ट से विवेक ओबेरॉय का दमदार फर्स्ट लुक जारी किया गया है, जिसने फिल्म की दुनिया को और भी रहस्यमयी और हाई-वोल्टेज बना दिया है. पहली झलक में विवेक ओबेरॉय बेहद इंटेंस अंदाज में नजर आ रहे हैं. 'स्पिरिट' पहले ही साल 2027 की सबसे मोस्ट अवेटेड फिल्मों में गिनी जा रही है. ऐसे में विवेक ओबेरॉय की एंट्री ने इस प्रोजेक्ट को और मजबूत बना दिया है. अपने करियर में कई दमदार और विविध भूमिकाएं निभा चुके विवेक इस फिल्म में एक ऐसे किरदार में दिखेंगे, जो कहानी की परतों को और गहराई देगा. उनका स्क्रीन प्रेजेंस फिल्म के हाई-स्टेक्स यूनिवर्स में नई एनर्जी और टकराव लेकर आने वाला है. 'स्पिरिट' 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

## होली-धुलंडी पर और चढ़ेगा पारा

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान में इस बार होली के रंगों के साथ गर्मी के तीखे तेवर भी देखने को मिलेंगे। प्रदेश में समय से पहले ही सूरज की तपिश ने लोगों के पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए हैं। राज्य के कई शहरों में पारा 35 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया, जिसने आने वाले दिनों में भीषण गर्मी के संकेत दे दिए हैं। बाड़मेर और फतेहपुर में सबसे ज्यादा तपिश पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आसमान साफ रहा और तेज धूप खिली रही। फतेहपुर (सीकर) यहाँ अधिकतम तापमान 35.3एष्ट दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे अधिक रहा।

## भूतों के बीच अक्षय की मस्ती



'भूत बंगला' का नया गाना 'राम जी आके भला करेंगे' रिलीज

**अक्षय** कुमार की आगामी कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी जोश को बनाए रखने के लिए मेकर्स ने गुरुवार को नया गाना 'राम जी आके भला करेंगे' जारी कर दिया है। जोश से भरपूर गाने में अक्षय कुमार मस्ती के मूड में नजर आ रहे हैं। पागलपन, पुरानी यादों और उनकी खास कॉमिक स्टाइल से भरा यह गाना फिल्म की मजेदार दुनिया की एक शानदार झलक दिखाता है। 'राम जी आके भला करेंगे' एक मजेदार और हंसी से भरपूर ट्रैक है। इसके तेज बीट्स और मजेदार वीडियो दर्शकों को काफी पसंद आ रहे हैं। वे गाने की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

साथ ही फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। गाने में अक्षय कुमार अपने पुराने वाले क्लासिक स्टाइल में नजर आ रहे हैं। वीडियो में वे भूतों की दुनिया में घूमते दिख रहे हैं। वे अजीब-अजीब भूतों से मजेदार अंदाज में टकराते दिख रहे हैं। उनकी परफॉर्मेंस में डरावनी हरकतें और हंसी-मजाक का शानदार मिश्रण है। यह गाना प्रीतम ने कंपोज किया है। लिरिक्स कुमार ने लिखे हैं। इसे अरमान मलिक और आरवन (देव अरिजीत) ने गाया है। इसमें मेलोडी का एक रैप पार्ट भी है, जो उन्होंने खुद लिखा और परफॉर्म किया। यह रैप गाने में आज के दौर का तड़का लगाता है और बीट्स को और भी धमाकेदार बनाता है। खास बात ये है कि इस फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और डायरेक्टर प्रियदर्शन 16 साल बाद साथ में आए हैं। 'भूत-बंगला' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म से फैंस को काफी उम्मीदें हैं क्योंकि इससे पहले अक्षय की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' बॉक्स ऑफिस पर औसत रही थी। बिना सुपरहिट फिल्म दिए अभिनेता को एक लंबा समय गुजर चुका है और ऐसे में 'भूत-बंगला' कुछ बड़ा कर सकती है।




## तेरे नाम री-रिलीज: सलमान खान नहीं थे मेकर्स की पहली पसंद, मेंटल स्टेटस की वजह से की फिल्म के लिए 'हां'

2003 में रिलीज हुई फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान का 'राधे' वाला किरदार आज भी लोगों को याद है। उस समय उनका हेयरस्टाइल, डायलॉग डिलीवरी और इमोशनल इंटेंसिटी उस दौर में जबरदस्त ट्रेंड बन गई थी।

कल्ट क्लासिक फिल्मों में शुमार 'तेरे नाम' पर्दे पर दोबारा रिलीज की गई। 2003 में 'तेरे नाम' रिलीज होने के बाद यंगस्टर बीच की मांग निकालकर अभिनेता की तरह दिखने की कोशिश करने लगे और इसके साथ ही अभिनेता का ब्लैक शर्ट और ब्लू जींस का स्टाइल भी युवाओं की पहली पसंद बना, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि अभिनेता फिल्म में राधे के किरदार के लिए पहली पसंद नहीं थे और उनके लिए राधे का किरदार निभाना बहुत मुश्किल था। 'तेरे नाम' की कहानी ऐसे युवा की है, जिसे एक सीधी-साधी लड़की से प्यार हो जाता है, लेकिन हिस्से में प्यार नहीं, सिर्फ सजा आती है। फिल्म का क्लाइमेक्स भी डिप्रेस कर देने वाला है। इस फिल्म के लिए सबसे पहले आमिर खान को ऑफर हुआ था। हालांकि आमिर खान ने फिल्म करने से इनकार नहीं किया था, लेकिन किरदार के लिए खुद को तैयार करने के लिए 2 साल का लंबा समय मांगा था। म

`कर्स के पास इतना समय नहीं था कि वे एक किरदार को फाइनल करने के लिए 2 साल का समय लें, जिसके बाद फिल्म अनिल कपूर के पास गई, लेकिन उन्होंने फिल्म की कहानी सुनने के बाद मना कर दिया। अब मेकर्स परेशान कि कौन सा हीरो फिल्म के लिए लाया जाए। 'तेरे नाम' के बेहतरीन गाने लिखने वाले गीतकार समीर अनजान ने खुद इस बात का खुलासा किया था कि सलमान खान ने फिल्म की कहानी सुनते ही हां कर दी थी, क्योंकि वे खुद जिंदगी के उस बुरे दौर से गुजर रहे थे। साल 2002 में अभिनेता ऐश्वर्या राय से ब्रेकअप हुआ था और उस वक्त उनका व्यवहार में काफी परिवर्तन भी देखा गया था। समीर ने बताया कि फिल्म का गाना 'क्यों किसी को वफा के बदले वफा नहीं मिलती' सुनकर अभिनेता बहुत रोए थे.

## एजीटीएफ की बड़ी कार्रवाई: चित्तौड़गढ़ में 3 किलो से अधिक अफीम के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चित्तौड़गढ़ जिले के चंदेरिया थाना क्षेत्र में 3.100 किलोग्राम अवैध अफीम का दूध बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एजीटीएफ दिनेश एमएन के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में एक मारुति इको कार से अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये मूल्य की अफीम जब्त की गई। प्रदेश में अवैध नशे के कारोबार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यह कार्रवाई की गई। पुख्ता मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरोत्तम लाल वर्मा के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। उप पुलिस अधीक्षक फूलचंद टेलर एवं सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार जाखड़ के नेतृत्व में टीम ने मान्दलदा क्षेत्र में नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी के दौरान वाहन से 3.100 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई।



### दो सगे भाई निकले तस्कर

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राधेश्याम शर्मा (31) एवं राहुल शर्मा (28) पुत्र शंभुलाल शर्मा निवासी नालखेड़ी, थाना पारसोली, जिला चित्तौड़गढ़ के रूप में हुई है। दोनों आरोपी सगे भाई हैं और अफीम की खेप को वाहन में छिपाकर परिवहन कर रहे थे।

### मुख्य सप्लायरों की तलाश

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बरामद अफीम उन्होंने अपने गांव नालखेड़ी निवासी प्रकाश धाकड़ एवं प्रमोद शर्मा से खरीदी थी। पुलिस ने इन मुख्य सप्लायरों की तलाश शुरू कर दी है। चंदेरिया थाना में एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच जारी है। यह भी जांच की जा रही है कि अफीम की खेप को आगे कहां सप्लाई किया जाना था और तस्करी नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल हैं।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में उप पुलिस अधीक्षक फूलचंद टेलर के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राकेश जाखड़, कांस्टेबल मगनाराम, सुनील विश्नोई, सुमेर सिंह तथा डीएसटी चित्तौड़गढ़ के हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार की विशेष भूमिका रही। टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से तस्करी की बड़ी खेप पकड़ी जा सकी। राजस्थान पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है ।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।